अजय कुमार आजाद, अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मोतिहारी द्वारा दिनांक–26.07.2024 को पथ प्रमंडल, मोतिहारी अंतर्गत Construction of road from Roing Club to Miscot via Meena Bazar (Gandhi Chowk) on the bank of Motijhil in Motihari town in km 0.00 to km 1.76 for the year 2022-23 कार्य का निरीक्षण प्रतिवेदन।

उपस्थित पदाधिकारी का नाम–

1. श्री कृष्ण कुमार, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मोतिहारी।
2. श्री सौरभ राय, प्राक्कलन पदाधिकारी, पथ प्रमंडल, मोतिहारी।
3. श्री जगदीश बैठा, कनीय अभियंता।
4. श्री मृत्युंजय कुमार, कनीय अभियंता।
5. श्री मुकेश कुमार, संवेदक के प्रतिनिधि (ऋषि बिल्डर्स इं0 प्रा0 लि0)।

पथ प्रमंडल, मोतिहारी के अंतर्गत मोतिहारी शहर के मोतिझील के किनारे रोईंग क्लब से मीना बाजार (गाँधी चौक) होते हुए मिस्कॉट तक (कि0मी0 0.00 से कि0मी0 1.76) निर्माण कार्य वर्ष 2022–23 का निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया गया। पथ निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पथ के Part-A (रोईंग क्लब से मीना बाजार, गाँधी चौक तक) कि0मी0 0.000 से कि0मी0 0.860 तक के पथांश में 670मी0 GSB कार्य किया हुआ है। पथ में 04 अद्द क्रॉसड्रेन (C.D. work) का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष भाग में मिट्टी भराई कर पथ का Sub Grade तैयार किया जा रहा है। पथ के लगभग 400 मी0 में नाली का कार्य एवं लगभग 180मी0 लंबाई में Retaining Wall का कार्य प्रगति में पाया गया। Part-B में 01 अद्द क्रॉस ड्रेन एवं Clearing & Garbing के पश्चात् 350मी0 पथांश में मिट्टी का कार्य प्रगति में पाया गया।

स्थल पर उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि उक्त पथ के चैनेज 0.500 पर अतिक्रमण के कारण 3.05 मी0 चौड़ाई उपलब्ध है, अतिक्रमणकारी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में केस दायर किया गया है। अतिक्रमणकारियों द्वारा माननीय न्यायालय में जाने के कारण एवं न्यायालय द्वारा आगे तोड़–फोड़ पर रोक (स्थगन ओदश) लगाने के चलते वर्त्तमान में अतिक्रमण हटाने का कार्य बाधित है। उक्त पथ के Part-A में जिन व्यक्तियों द्वारा न्यायालय में वाद दायर किया गया है उसका SOF समर्पित कर दिया गया है। चैनेज 0.860 कि0मी0 पर नगर निगम का शौचालय अवस्थित है जिसको हटाने के लिए नगर आयुक्त को पत्र लिखने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया।

कार्य स्थल पर उपस्थित अभियंताओं एवं संवेदक प्रतिनिधि को अन्य शेष कार्यो में प्रगति लाने हेतु आवश्यक निदेश दिया गया।

AKAzad 26.7.24
अधीक्षण अभियंता
पथ अंचल, मोतिहारी।

ज्ञापांक– 619 दिनांक– 26.7.24

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

AKAzad 26.7.24
अधीक्षण अभियंता
पथ अंचल, मोतिहारी।

e/c

(P.T.O)

ज्ञापांक– 619 दिनांक– 26.7.24

प्रतिलिपि–मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु समर्पित।

26.7.24

अधीक्षण अभियंता
पथ अंचल, मोतिहारी।